ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

Prof. (Dr.) Anil Kumar Rai
Head : Department of Mass Communication
Dean : Stduent's Walfare

प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय
अध्यक्ष : जनसंचार विभाग
अधिष्ठाता : विद्यार्थी कल्याण

पत्रांक : 26/2004/ज.वि./ 5231 /2017
दिनांक: 30.08.2017

परिपत्र

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली से डिजिटल उपक्रम के संदर्भ में प्राप्त पत्र सं. 8-6/2017 T E L दिनांक 08 अगस्त 2017 के अनुसरण में बिंदु क्रमांक 17 (भविष्य की योजना) के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा एक समिति गठित की गई है, विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्ष इस समिति के सदस्य हैं।

समिति की बैठक में निर्णय लिया गया है कि कुलपति जी के समक्ष अनुशंसाएं प्रेषित करने से पूर्व संबंधित बिंदु के सापेक्ष अपेक्षित विवरण सभी विभागों से प्राप्त कर लिया जाए। अत: निम्नलिखित अपेक्षा के अनुरूप अपने विभाग/केंद्र की भावी योजना तैयार करवाने की कृपा करें-

1. **तीन वर्षीय कार्ययोजना** – शिक्षण एवं शोध में गुणवत्तापूर्ण सुधार के लिए उपाय।
2. **सात वर्षीय योजना** – अंतिम लक्ष्य/पूर्णता को प्राप्त करने के लिए मध्यावधि कार्ययोजना।
3. **पन्द्रह वर्षीय दृष्टिकोण** – विभाग/केंद्र द्वारा अपने अंतिम लक्ष्य/पूर्णता का निर्धारण एवं कार्ययोजना।

उक्त तीनों योजनाओं का ब्यौरा तैयार करते समय निम्नलिखित बिंदुओं को संज्ञान में लिया जा सकता है-

- गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण एवं शोध को विकसित करना।
- संबंधित अनुशासन में शोध की प्रमुख समस्याओं/विशेषज्ञता को चिह्नित करना।
- पुस्तकालय को शिक्षण/कक्षा अध्यापन से संबद्ध करना।
- कक्षा अध्यापन को और अधिक प्रभावी बनाना।
- ऑन लाइन पाठ्यक्रम तैयार करना।
- वर्तमान पाठ्यक्रम को ई-लर्निंग के रूप में तैयार करना।
- भागीदारी युक्त कार्यक्रमों को विकसित करना।
- अध्यापक/कर्मी और विद्यार्थी के शैक्षणिक रिश्ते को अधिक विश्वासपूर्ण और मजबूत बनाना।
- मानव एवं भौतिक संसाधनों की अपेक्षित आवश्यकता का निर्धारण करना।
- पारदर्शी और लोकतांत्रिक व्यवस्थापन के उपाय सुनिश्चित करना।

आपसे आग्रह है कि अपने विभागीय सहयोगियों से विचार-विमर्श कर दिनांक 06 सितंबर 2017 तक अपेक्षित विवरण उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

30/08/2017

(प्रो. अनिल कुमार राय)

प्रति,

समस्त विभाग्यक्ष/केंद्र निदेशक/विभाग - केंद्र प्रभारी।

प्रतिलिपि –

1. कुलपति कार्यालय।
2. समकुलपति कार्यालय
3. समस्त संकायाध्यक्ष कार्यालय।
4. कुलसचिव कार्यालय।
5. अकादमिक अनुभाग।
6. संबंधित पत्रावली।

गांधी हिल्स, वर्धा - 442005 (महाराष्ट्र) भारत
Gandhi Hill, Wardha- 442005 (Maharashtra), INDIA
Mob.: 09422905749 Ph. Off. 07152-251170, 252028 Ph. Res. 07152251068
Email : raianilankit@gmail.com, dmcmgahv@gmail.com Website: www.hindivishwa.org

Scanned by CamScanner